भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2649

उत्तर देने की तारीख 09 मार्च, 2026
18 फाल्गुन, 1947 (शक)

खेल स्टेडियमों के नाम परिवर्तन

2649. श्री यूसुफ पठान:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास पिछले 11 वर्षों में नाम परिवर्तित किए गए खेल स्टेडियमों के आंकड़े मौजूद हैं;

(ख) यदि हां, तो ऐसे स्टेडियमों का ब्यौरा क्या है और उनके नए और पुराने नाम क्या हैं तथा उनसे संबंधित खेलों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि कोई नाम परिवर्तन हुआ है, तो व्यय का स्टेडियम-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): 'खेल' राज्य विषय होने के कारण, खेल स्टेडियमों के नामकरण सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का होता है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। देशभर में, संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आने वाली विभिन्न खेल अवसंरचनाओं का विवरण इस मंत्रालय में नहीं रखा जाता है।

*****